PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

परिष्कार पत्रिका

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

प्रगति की ओर

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2024-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 23 अंक 5 जयपुर: 8 अक्टूबर 2024 से 22 अक्टूबर 2024 RNI No : RJHIN/2002/9810 वार्षिक सहयोग 500 रूपए

जरूरी सूचना

यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर व डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।

सम्पर्क करें 9314407796

उज्ज्वला योजना से करोड़ों महिलाओं का धुआं मुक्त रसाई का सपना हुआ साकार

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संजय शर्मा ने अलवर जिला स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में लक्ष्मी भारत गैस सर्विस एजेंसी का उद्घाटन किया। मंत्री शर्मा ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के धुआं मुक्त रसोई के सपने को साकार करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उज्ज्वला योजना के माध्यम से देश की करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को संबल प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राशन का गेहूं प्राप्त करने वाले सभी परिवारों को 450 रूपये में एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध करा रही है जिससे महिलाओं की रसोई खर्च में बचत होने के साथ ही धुआं मुक्त रसोई का सपना भी साकार हो रहा है। इसके साथ ही महिलाओं को अतिरिक्त सुविधा एवं सुरक्षा देने के लिए अलवर में गैस पाइप लाइन बिछाकर गैस कनेक्शन जारी किए जाएंगे जो निश्चित ही मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का चहुंमुखी विकास एवं अंतिम पंक्ति तक के जरूरतमंद व्यक्ति को योजनाओं का लाभ प्रदान करना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य को चरितार्थ करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में सरकार कार्य कर रही है। इसके उपलक्ष्य मंत्री शर्मा ने नया बास में ओम बक्षा साफा शेरवानी हाउस का उद्घाटन किया।

मंत्री शर्मा ने अपने निवास रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में पेयजलए नगर निगम, नगर विकास न्यासए विद्युतए पुलिसए स्थानांतरण एवं राजस्व मामलों की परिवेदनाएं प्रमुख रही। मंत्री श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवेदना के निस्तारण की सूचना फरियादियों को दी जाए। यदि परिवेदना का निराकरण उनके स्तर पर संभव नहीं है तो उसकी पूरी जानकारी फरियादी को दी जाए।

मंत्री शर्मा ने राजगढ़ तहसील के ग्राम गोला का बास स्थित सिरसा माता के मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की मंगलकामना की। उन्होंने मंदिर विकास समिति द्वारा लगाए गए सोलर प्लांट का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना के तहत घर.घर सोलर प्लांट लगाने की पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की है जिसे लगाने में सब्सिडी मिलेगी तथा सस्ती व निर्बाध बिजली मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन कर इस योजना का लाभ उठाए। उन्होंने मंदिर परिसर में एवं अलवर के एनईबी एक्सटेंशन में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर, पूर्व सांसद डॉ करण सिंह यादव, संजय नरुका, पं जलेसिंह, गोवर्धन सिंह सिसोदिया, अशोक वर्मा, जितेंद्र राठौर, पंडित जलेसिंह, अज़ीत यादव, विवेक प्रधान, रजनीश जैमन, नरेंद्र यादव, करुण यादव, सतीश यादव, हेतराम, शीना जाणिड़, सत्पाल यादव, एसपी यादव सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

स्वच्छता ही सेवापखवाड़े में चित्तोड़गढ़ नगरपरिषद राज्य में प्रथम स्थान पर

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में चित्तौड़गढ़ नगरपरिषद ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रोग्राम में नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा नगर परिषद आयुक्त रविंद्र सिंह यादव को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो को देकर सम्मानित किया। जिले ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाये गये स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जो शहर की स्वच्छता और विकास में नगरपरिषद की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

राइजिंग राजस्थान पर्यटन प्री समिट - राजस्थान विश्व प्रसिद्ध पर्यटन केन्द्र, यहां निवेश की अपार संभावनाएं

राज्य सरकार निवेशकों के लिए विभिन्न रियायतों का कर रही प्रावधान : मुख्यमंत्री

142 निवेश प्रस्तावों के एमओयू से प्रदेश में होगा लगभग 14 हजार करोड़ रुपये का निवेश लगभग 59 हजार लोगों को मिलेगा प्रत्यक्ष रोजगार

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव सुविधाएं और रियायतें उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र को गति देने के लिए नई राजस्थान पर्यटन इकाई नीति लाई जा रही है तथा निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रकार की रियायतों का प्रावधान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जयपुर स्थित होटल ललित में आयोजित राइजिंग राजस्थान पर्यटन प्री-समिट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समिट में पर्यटन क्षेत्र में 142 निवेश प्रस्तावों के एमओयू से प्रदेश में लगभग 14 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा। इससे राज्य में 59 हजार प्रत्यक्ष और 10 लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। शर्मा ने कहा कि हम राजस्थान को एक विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाना चाहते हैं। इसके लिए राजस्थान पर्यटन विकास बोर्ड का गठन कर राजस्थान टूरिज्म इन्फ्रास्टक्चर एण्ड कैपेसिटी बिल्डिंग फंड बनाकर पर्यटन क्षेत्र में 5 हजार करोड़ रुपये के कार्य करवाए जाएंगे। साथ ही, रिप्स-2024 में स्टैंडर्ड सर्विसेज पैकेज के तहत इन्सेंटिव हेतु पर्यटन के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा 50 करोड़ रुपये से घटाकर 10 करोड़ रुपये कर दी गई है।

राजस्थान में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन की अपार संभावनाएं : शर्मा ने कहा कि राजस्थान एक विश्व-प्रसिद्ध पर्यटन केंद्र है, जिसे शांत, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण के लिए जाना जाता है। वर्ष 2023 में राज्य में करीब 18 करोड़ घरेलू और 17 लाख अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आए। पर्यटकों के सुगम आवागमन के लिए हवाई अड्डों का उन्नयन और विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जयपुर हवाई अड्डे में नए स्टेट टर्मिनल के निर्माण के साथ ही इसकी यात्री क्षमता भी बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है। वेंडिंग टूरिज्म में राजस्थान देश में पहले नंबर पर है। साथ ही यहां धार्मिक पर्यटन भी तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सालासरए खाटूश्यामए बाबा रामदेव में श्रद्धालु बड़ी तादाद में दर्शन के लिए आ रहे हैं। इसके लिए होटलों की मांग बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य बजट में भी खाटूश्यामजी के पावन धाम को अध्यात प्रदान करने के लिए 100 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्यजीव पर्यटन में राज्य के रणथंभौर और सरिस्का टाइगर अभयारण्य प्रसिद्ध हैं। हाल ही में जयपुर में नाहरगढ़ टाइगर सफारी की शुरुआत भी की गई है। साथ ही, माही नदी के द्वीपों में द्वीप पर्यटन तथा जैसलमेर के खुड़ी में पर्यटकों को डेजर्ट सफारी की असीम संभावनाएं हैं। हमें ऐसे पर्यटन स्थलों पर उपयुक्त भूखंड चिह्नित कर होटल स्थापित करने के प्रयास करने चाहिए। शर्मा ने कहा कि हमारा प्रदेश फिल्म शूटिंग के लिए भी उपयुक्त है। इन संभावनाओं को भुनाने के लिए काम करने की आवश्यकता है।

पर्यटन क्षेत्र में कम निवेश पर भी अधिक लाभ : शर्मा ने निवेशकों से आह्वान किया कि वे राजस्थान में अधिक से अधिक संख्या में निवेश करें। राज्य सरकार हर कदम पर उनका सहयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में कम निवेश पर अधिक लाभ मिलता है और यह क्षेत्र रोजगार का भी बड़ा स्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दिल्ली और मुंबई इन्वेस्टर मीट में 12.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। जापान और कोरिया में भी हमें राजस्थान में निवेश को लेकर बहुत उत्साह देखने को मिला। शर्मा ने कहा कि बिजली, पानी और सड़क किसी भी राज्य के विकास का मुख्य आधार होते हैं। इसलिए हमनें सरकार बनते ही इन तीनों क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया है। पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी के साथ ही शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौते तथा दक्षिण राजस्थान के जिलों के लिए देवास परियोजना का धरातल पर क्रियान्वयन किया जा रहा है। साथ ही ऊर्जा के क्षेत्र में भी राज्य को आत्म निर्भर बनाने के लिए 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपये के एमओयू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली-पानी की पर्याप्त उपलब्धता से राज्य में कृषि, उद्योग एवं पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा जिससे विकसित राजस्थान का सपना साकार होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप-मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार निवेश प्रस्तावों को धरातल पर लाकर पर्यटन में ही नहीं बल्कि हर क्षेत्र में राजस्थान को नंबर एक राज्य बनाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पर्यटन विभाग की ओर से नई पर्यटन नीति, नई पर्यटन यूनिट नीति, ग्रामीण पर्यटन नीति तथा फिल्म पर्यटन नीति लाए जी जाएगी जिससे राजस्थान में पर्यटन के क्षेत्र में नई संभावनाएं और अवसर पैदा होंगे। पर्यटन मंत्री ने कहा कि आगामी मार्च माह में जयपुर में आईपा 2025 का ऐतिहासिक आयोजन किया जाएगा जो कि राजस्थान में पर्यटन के नये द्वार खोलेगा। कार्यक्रम में पर्यटन, कला एवं संस्कृति शासन सचिव रवि जैन की ओर से राजस्थान में पर्यटन क्षेत्र में निवेशकों को दी जा रही सुविधाओं पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस अवसर पर पर्यटन आयुक्त विजयपाल सिंह, प्रबंध निदेशक आरटीडीसी सुषमा अरोड़ा, चेयरपर्सन फिक्की टूरिज्म एण्ड कन्चर कमेटी दीपक देवा, को-चेयरमेन फिक्की राजस्थान सुरेन्द्र सिंह शेखावत, को-फाउंडर एवं डायरेक्टर विज़क्राफ्ट ग्रुप मुम्बई सब्बास जोसफ सहित बड़ी संख्या में निवेशक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को शीघ्र जारी होगी छात्रवृत्ति, केन्द्र सरकार ने जारी किए आदेश

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। अब राज्य के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिए अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

केंद्र सरकार ने वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 के अनुसूचित जनजाति उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत बकाया हिस्से जारी करने के आदेश कर दिए हैं। अब शीघ्र ही छात्रों को लंबित छात्रवृत्ति का भुगतान कर दिया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि केंद्र सरकार ने कुल 250 करोड़ रुपये का बजट आवंटन किया है।

इस बजट से अनुसूचित जनजाति उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के शैक्षणिक क्षेत्र 2022-23 और 2023-24 के जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति से लाभान्वित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कुल आवंटित बजट में वर्ष 2022-23 के 19245.77 लाख रुपए और वर्ष 2023-24 के 5754.23 लाख रूपए बकाया शामिल हैं।

विद्या, प्रज्ञा, करूणा, शील और मित्रता इन पंच तत्वों में विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण आवश्यक

नई शिक्षा नीति में चारित्रिक विकास की आधारशिला होगी मजबूत : उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद्र बैरवा

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद्र बैरवा ने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल पुस्तकों और परीक्षा तक सीमित नहीं है। यह वह दीप है, जो हमारे जीवन में ज्ञान व प्रकाश का संचार करता है। यह समाज के प्रति हमारे कर्तव्यों का बोध कराने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि देश के लोगों के जीवन को बदलना तभी संभव हो सकेगा, जब युवा अपनी जिम्मेदारी को नैतिकता एवं उच्च मानकों के साथ निर्वहन करेंगे। डॉ बैरवा हनुमानगढ़ स्थित खुशाल दास विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में बाबा साहब की ज्ञान संकल्पना बड़ी व्यापक और आदर्श हैं। उनके अनुसार विद्या, प्रज्ञा, करूणा, शील और मित्रता, इन पंचतत्वों से चरित्र निर्माण करना चाहिए। वे कहते थे कि विद्या के साथ शील भी चाहिए। ज्ञान तथा प्रज्ञा का सुचारू मेल भी चाहिए। ज्ञान का अर्थ प्रकाश है। इस प्रकाश को सामाजिक, आर्थिक, राजनीय क्रांति का आधार बनाना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत बनने वाले पाठ्यक्रम विद्यार्थियों में ईमानदारी, जिम्मेदारी और सहानुभूति जैसे सकारात्मक मानवीय मूल्यों को स्थापित करते हुए उनके चारित्रिक विकास की आधारशिला के मजबूत स्तंभ होंगे। इसके तहत सामाजिक कौशल और नैतिक व्यवहार को बढ़ाया जाएगा। इसमें संघर्ष समाधान, संचार कौशल एवं अधिकार कर्तव्य जैसे वर्तमान विषयों को शामिल किया गया है। यह विद्यार्थियों में जिम्मेदारी की भावना को पैदा करता है, जिससे वे अपने समुदाय, समाज व राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

डॉ बैरवा ने कहा कि नई शिक्षा नीति पांच स्तम्भों पर केंद्रित है। इसमें वहनीयता, अभिगम्यता, गुणवत्ता, न्याय परस्पता और जवाबदेही हैं। इसमें निरंतर सीखने की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए समाज और अर्थव्यवस्था में ज्ञान की मांग के रूप में नागरिकों की जरूरत के अनुरूप तैयार किया गया है। इसके तहत नियमित आधार पर नए कौशल हासिल करने की आवश्यकता को पूरा किया जा सकता है। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करवाए सभी के लिए आजीवन सीखने के अवसर पैदा करना और शिक्षा से रोजगार को जोड़ना ही नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य है।

उपमुख्यमंत्री ने एसकेडी विश्वविद्यालय में कृषि क्षेत्र में विशेष अनुसंधान और नवाचारों के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय युवाओं के व्यक्ति व निर्माण के केंद्र हैं। इसलिए निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ पारदर्शी रूप से शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सार्थक और जीवनोपयोगी शिक्षा देने की जिम्मेदारी विश्वविद्यालयों की है।

जयपुर विकास प्राधिकरण

14 अक्टूबर को होगा नगरीय विकास विभाग का राईजिंग राजस्थान प्री समिट

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा स्वायत शासन विभाग के सहयोग राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 09 से 11 दिसम्बर को पूर्ण सफल बनाने के लिए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 से पूर्व 14 अक्टूबर को राइजिंग राजस्थान प्री-समिट का आयोजन किया जा रहा है। समिट के आयोजन के संबंध में प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास विभाग वैभव गालरिया की अध्यक्षता में आवश्यक कार्यों वेन्यू मैनेजमेंट, मीडिया मैनेजमेंट, प्रोटोकॉल फॉर डेलिगेट्स एमओयू साइनिंग इत्यादि के संबंध में नगरीय विकास विभाग, स्वायत शासन विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान आवासन मंडल एवं नगर नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में राइजिंग राजस्थान समिट 2024 के 14 अक्टूबर 2024 को आयोजित होने वाले प्री इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों को लेकर नगरीय विकास विभाग, स्वायत शासन विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान आवासन मंडल एवं नगर नियोजन विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा हुई।

प्रमुख शासन सचिव-नगरीय विकास विभाग द्वारा राइजिंग राजस्थान समिट 2024 के प्री इन्वेस्टमेंट समिट हेतु नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों को कर्तव्यनिष्ठ एवं जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्वायत शासन सचिव कुमार पाल गौतम, उप सचिव प्रथम नगरीय विकास विभाग, निदेशक अभियांत्रिकी जेडीए एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि नगरीय विकासविभाग, स्वायत शासन विभाग जयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान आवासन मंडल एवं नगर नियोजन विभाग के एमओयू कोऑर्डिनेशन हेतु नगरीय विकास विभाग के उप सचिव रवि विजय को नोडल अधिकारी, उप सचिव राकेश कुमार गुप्ता एवं उप निदेशक संजय शर्मा को सहायक अधिकारी नियुक्त किया गया है। सीआईआई के कोऑर्डिनेशन में वेन्यू मैनेजमेंट हेतु निदेशक अभियांत्रिकी जेडीए देवेंद्र गुप्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

प्रोटोकॉल डेलीगेटस हेतु अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन जेडीए प्रिया बलराम शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त एलपीसी जेडीए डॉ एसपी सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। पीडीकोर के कोऑर्डिनेशन में प्रेजेंटेशन, फाइनलाइजिंग, डिस्प्ले मटेरियल, विडियोज, बोशर, लीफलेट इत्यादि हेतु एसीटीपी वेस्ट नगर नियोजन विभाग राजेश तुलसा को नोडल अधिकारी, मुख्य अभियंता नगरीय विकास विभाग अशोक चौधरी एवं सीनियर टाउन प्लानर नगरीय विकास विभाग मिनिन नेहरा को सहायक अधिकारी नियुक्त किया गया है।

मीडिया कोऑर्डिनेशन हेतु वरिष्ठ उप सचिव नगरीय विकास विभाग ओ पी वर्मा, जनसंपर्क अधिकारी जयपुर विकास प्राधिकरण नवल किशोर मीणा एवं जनसंपर्क अधिकारी राजस्थान आवासन मंडल कुणाल वशिष्ठ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन में सीआईआई राज्य सरकार द्वारा पार्ट एजेंसी के रूप में नामित की गई है। सीआईआई की ओर से नितिन गुप्ता एवं आशीष पाठक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -

संपादक, परिष्कार पत्रिका,
बांब ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 मैरव नगर, ईसरुआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो. 9314407796, 9351311820
G-mail:parishkarpatrika@gmail.com
खास खबरें वेबसाइट पर देखें
www.parishkarpatrika.com

सदाचार उच्च मा. विद्यालय
आकड़ मार्ग, बनीपार्क जयपुर फोन नं. 2202026
[अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम सहशैक्षणिक संस्था]
कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय
SADACHAR PUBLIC SCHOOL
(An English Medium Co-educational institute)
Ph. 3141519, 2202026
English Medium
Play Group to VIIIth
Conveyance Facility (Auto)
Based on N.C.R.T. Pattern

सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं

ऊषा शर्मा
प्रिंसिपल
सदाचार उच्च मा. विद्यालय

सेंट माईकल सीनियर सैकंडरी स्कूल
[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [अंग्रेजी माध्यम]
प्रवेश प्रारंभ
विशेषताएं : न्यूनतम शिक्षण शुल्क, श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

नीरजा डिसिल्वा
सुभाष चौक, आमेर रोड़, जयपुर राजस्थान

सम्पादकीय

कायम रहे जीवन में समुचित संतुलन

यदि अपने जीवन को समुचित आवश्यकताओं और संयम के संयोग से संचालित किया जाए तो वह परम शांति प्रदायक होता है।

मगध राज्य का राजकुमार श्रोण बेहद उदंड था। प्रायः उसे दूसरों के अपमान में आनंद की अनुभूति होती थी। दूसरों को अपमानित करने में वह उम्र का लिहाज भी नहीं करता था। जब माता-पिता उसकी हरकतों से बहुत परेशान हो गए, तो उन्होंने अपने महल में भगवान बुद्ध को आमंत्रित किया। बुद्ध जब महल में आए, तो उन्होंने राजकुमार के विषय में सभी बातें सुनीं। उन्होंने राजा से राजकुमार को प्रवचन में लाने के लिए कहा। श्रोण अपने पिता के साथ आया और प्रवचन की समाप्ति पर वह बुद्ध के चरणों में लोट गया। बुद्ध के वचनों से प्रभावित होकर वह बौद्ध धर्म में दीक्षित हो गया। उसका जीवन पूर्णतः बदल गया। कुछ समय बाद उसने प्रायश्चित करने के लिए अन्न-जल का त्याग कर दिया। उसके इस कठोर प्रण के विषय में जब भगवान बुद्ध को ज्ञात हुआ तो वे उसे देखने आए। उन्होंने स्नेहपूर्वक उसके मस्तक पर हाथ रखा और बोले श्रोण, अन्न-जल के त्याग के चलते तुम्हारा स्वास्थ्य गिरता जा रहा है। तुम संगीत के जानकार हो, अतः उससे जुड़े मेरे एक प्रश्न का उत्तर दो। क्या वीणा के तार ढीले करने पर उससे स्वर लहरी फूटती है। श्रोण ने जवाब दिया नहीं भगवान। बुद्ध ने पुनः प्रश्न किया तब तो तारों को खूब कसना पड़ता होगा। श्रोण बोला नहीं, अधिक कसने से तार टूट सकते हैं। तब तथागत बोले वीणा से मधुर संगीत निकालने के लिए उसके तारों को न ढीला रखना चाहिए और न ही कसना चाहिए। इसी प्रकार हमारा जीवन भी एक वीणा की तरह ही है, जिसे मनोभीति चलाने के लिए सभी वस्तुओं का पूर्ण ज्ञान उचित नहीं है। श्रोण ने कठोर प्रतिज्ञा से मुक्ति ले ली और सहज जीवन जीने लगा। कथा जीवन को नैसर्गिक तरीके से जीने पर बल देती है, जिसमें उचित आवश्यकताओं की पूर्ति और अतिरिक्त इच्छाओं पर नियंत्रण शामिल है। यदि जीवन को आवश्यकता पूर्ति और संयम के संयोग से संचालित किया जाए तो वह परम शांति प्रदायक होता है।।

जय हिन्द। जय भारत।

अजमेर उत्तर में 10 करोड़ की लागत से बनेगी 24 सड़कें

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देश पर सार्वजनिक निर्माण विभाग ने बारिश से क्षतिग्रस्त विभिन्न वार्डों की क्षतिग्रस्त सड़कों पुनर्निर्माण के लिए स्वीकृत जारी की है। अजमेर उत्तर के विभिन्न क्षेत्रों में 10 करोड़ रूपए की लागत से 24 सड़कें बनेंगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पिछले दिनों सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देश दिए थे कि शहर में बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को सुधारा जाए। इसके लिए अधिकतम प्रस्ताव बना कर मुख्यालय भिजवाए जाएं। उन्होंने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से भी इन सड़कों के लिए स्वीकृत जारी करने का आग्रह किया। देवनानी के निर्देश पर सार्वजनिक निर्माण विभाग ने यह स्वीकृतियां जारी की हैं। इसके तहत अजमेर उत्तर क्षेत्र में वार्ड संख्या एक, दो, तीन, वार्ड संख्या 5, 9 व 10, वार्ड संख्या 60 एवं वार्ड संख्या 67, वार्ड संख्या 71, वार्ड संख्या 75, 77, 79 एवं 80 में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की जाएगी।

एसआई भर्ती परीक्षा 2021 की समीक्षा के लिए मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक

बेरोजगारों के हितों को ध्यान में रखकर पूरी पारदर्शिता के साथ न्यायसंगत निर्णय लिया जाएगा : संसदीय कार्य मंत्री

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा एसआई परीक्षा-2021 के संबंध में बेरोजगारों के हित को ध्यान में रखकर पूरी पारदर्शिता के साथ न्यायसंगत निर्णय लिया जाएगा। एसआई भर्ती परीक्षा-2021 की समीक्षा के लिए गठित मंत्रिमंडलीय समिति की पहली बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसओजी द्वारा अब तक की कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी गई। कई तथ्यात्मक जानकारियां दी जानी शेष हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि 10 अक्टूबर को भी मंत्रीमण्डलीय समिति की आगामी बैठक में सम्पूर्ण जांच परिणामों के आधार पर तथ्यात्मक और गुणात्मक विचार विमर्श कर एसआई भर्ती परीक्षा-2021 के संबंध में सरकार को अनुशंसा भेजी जाएगी। पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेपर लीक मामले में किसी भी दोषी को नहीं छोड़ने और कठोर कार्रवाई करने के लिए कहा था, जिसे उन्होंने पूरा किया है।

मुख्यमंत्री द्वारा चरित निर्णय लेते हुए एसआईटी गठित की गई। अब पेपर लीक मामले में रोज ही कोई न कोई आरोपी पकड़ा जा रहा है। अब तक आरोपियों का आंकड़ा 100 से भी अधिक पहुंच गया है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि पेपर लीक होना, नकल माफियाओं का हावी होना, परीक्षा में डमी कैंडिडेट बैठना, अनुचित साधनों का प्रयोग कर नौकरी पाना और राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों की इसमें संलिप्तता सामने आना कलंकित करने वाली घटनाएं हैं। इससे आरपीएससी की साख को धब्बा लगा है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में लगभग हर परीक्षा में किसी न किसी प्रकार की विसंगति सामने आई है। उल्लेखनीय है कि एसआई भर्ती परीक्षा-2021 की समीक्षा के लिए गठित छह सदस्यीय मंत्रिमंडलीय समिति में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल को संयोजक बनाया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल कराड़ी, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम एवं सार्वजनिक निर्माण राज्य मंत्री मंजू बाघमार समिति के सदस्य हैं।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने सिंगापुर के जन शक्ति मंत्री सह व्यापार एवं उद्योग के द्वितीय मंत्री से मुलाकात की

सिंगापुर की कंपनियों को राज्य में निवेश करने और राइजिंग राजस्थान गलोबल इन्वेस्टमेंट समिट के लिए अमंत्रित किया

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के जनशक्ति मंत्री सह व्यापार एवं उद्योग के द्वितीय मंत्री डॉ टैन सी लेंग के साथ मुलाकात करके अपनी 4 दिवसीय सिंगापुर यात्रा की शुरुआत की। इस बैठक में कर्नल राठौड़ ने डॉ लेंग को प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के राज्य सरकार के प्रयासों की जानकारी देते हुए सिंगापुर सरकार से सहयोग की अपील की और सौर ऊर्जा, पर्यटन, औद्योगिक पार्कों की स्थापना जैसे क्षेत्रों में सिंगापुर और राजस्थान के बीच सहयोग करने की संभावनाओं पर विचार किया। इसके अलावा उद्योग मंत्री ने राज्य को निवेश का एक आकर्षक गंतव्य बनाने के राज्य सरकार के प्रयासों की जानकारी दी और कौशल विकास से जुड़े कार्यक्रमों, लॉजिस्टिक्स में सहयोग जैसे बातों की भी चर्चा की। साथ ही साथ उन्होंने सिंगापुर सरकार को 9-10-11 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में भाग लेने के लिए भी आमंत्रित किया। राजस्थान सरकार का यह प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर की प्रमुख कंपनियों और व्यापारिक समूहों को प्रदेश में निवेश के लिए और उन्हें राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में भाग लेने हेतु आमंत्रित करने के लिए फिनहाल सिंगापुर में है। उद्योग मंत्री कर्नल राठौड़ के अलावा राज्य सरकार के इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य सचिव सुधांश पंत, चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ और राजस्थान सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। अपने यात्रा के पहले दिन इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने कई कंपनियों के आला अधिकारियों से मुलाकात की। इनमें सीआईआई इंडिया बिजनेस फोरम के अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक शामिल है, जिसमें एयर इंडिया, इंफोसिस, एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, एक्जिम बैंक, आईसीआईसीआई, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जैसी भारतीय कंपनियों के सिंगापुर प्रतिनिधि भी मौजूद थे। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने एंटरप्राइज़ सिंगापुर, जो सिंगापुर सरकार के व्यापार और उद्योग मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है और वहां के उद्यमों के विकास के लिए काम करता है, के अधिकारियों से भी मुलाकात की। इस बैठक के दौरान सेम्बकॉर्प, डीपी अर्बन, एनवायरसॉल, एनरचोल्ट ग्रीन एनर्जी होल्डिंग पीटीई, इंटीग्रेटेक पीटीई, राइज़ रिन्यूबल्स पीटीई, और वीफ्लेटेक पीटीई जैसी कंपनियों ने भी हिस्सा लिया। इसके अलावा निवेश फर्म बनैकरटोन सिंगापुर के साथ भी प्रतिनिधिमंडल ने अलग से मुलाकात की।

इन बैठकों के दौरान उद्योग मंत्री कर्नल राठौड़ ने देश की भौगोलिक संरचना में राजस्थान की विशिष्ट उपस्थिति और प्रदेश के कई क्षेत्रों जैसे पर्यटन, कृषि प्रसंस्करण, बुनियादी ढांचे, लॉजिस्टिक्स, अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, पेट्रोकेमिकल्स और सेवा क्षेत्र में मौजूद अवुकूल माहौल की भी चर्चा की। उद्योग मंत्री कर्नल राजवर्धन राठौड़ ने इस अवसर पर कहा श्राज्य में व्यापार करने को सुविधाजनक बनाने के लिए राजस्थान सरकार ने कई क्षेत्रों में नई नीतियां शुरू की हैं। व्यापार के लिए अवुकूल कई क्षेत्र राजस्थान में मौजूद हैं और हमारे राज्य में विकास के असीमित अवसर हैं। इस अवसर पर मौजूद मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राज्य में व्यापार के लिए अवुकूल माहौल बनाने में राज्य सरकार के प्रयासों की जानकारी दी और कहा कि राज्य सरकार ने पिछले हफ्ते ही राजस्थान निवेश प्रोत्साहन नीति रिप्स 2024 को मंजूरी दी है। रिप्स 2024 में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के इन्सेंटिव्स दिए गए हैं। साथ-ही-साथ, इसमें कई नए क्षेत्रों को भी जोड़ा गया है। निवेश से जुड़े मामलों के लिए यह एक अम्बेला पॉलिसी होगी। इसके अलावा कई अन्य विभाग भी अपनी नीतियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं। पंत ने कहा कि, अगले कुछ वर्षों में राज्य की अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को चार गुना बढ़ाकर हम 100 गीगावाट करने जा रहे हैं। इसी तरह, जयपुर के बाहर बहुत जल्द एक बहुत बड़ा हाई-टेक शहर बनने जा रहा है और सिंगापुर की कंपनियां इस नए शहर के बुनियादी ढांचे के विकास में शामिल हो सकती हैं।

इन बैठकों के दौरान, सिंगापुर की कंपनियों के अधिकारियों ने राज्य में मौजूद अवसरों और निवेश की संभावनाओं के बारे में जानने में दिलचस्पी दिखायी, खास कर अक्षय ऊर्जा, पर्यटन, बिजनेस पार्क विकसित करने, डेटा सेंटर के साथ-साथ नीमराणा जापानी क्षेत्र जैसे देश-आधारित विशेष औद्योगिक पार्क बनाने जैसे क्षेत्रों में मौजूद संभावनाओं के बारे में। इन बैठकों के दौरान राजस्थान सरकार की प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़, सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ शिल्पक अम्बुले तथा राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। इसके अलावा, सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त द्वारा आयोजित एक विशेष रात्रिभोज में भी राजस्थान सरकार का यह प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार बड़े पैमाने पर देशी और विदेशी निवेशकों, संस्थाओं और कॉरपोरेट जगत के शीर्ष अधिकारियों से लगातार बैठकें कर रही हैं, ताकि आने वाले समय में प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश हो सके और विकसित राजस्थान के लक्ष्य को पूरा करने की ओर बढ़ा जा सके। इसके तहत पिछले एक महीने में दिल्ली, मुंबई, सियोल दक्षिण कोरिया, जापान के टोक्यो और ओसाका, संयुक्त अरब अमीरात के दुबई और अबू धाबी और कतार की राजधानी दोहा में इस तरह के इन्वेस्टर रोड शो आयोजित किये जा चुके हैं, ताकि निवेशकों को राजस्थान से जुड़ने/ प्रदेश में निवेश हेतु आमंत्रित करने और उन्हें राज्य सरकार द्वारा बनायी गयी निवेशक अवुकूल नीतियों और अवसरों से अवगत कराया जा सके। इस व्यापक आउटरीच के परिणामस्वरूप राजस्थान सरकार को अब तक 12.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव एमओयू प्राप्त हुए हैं, जो राज्य सरकार के प्रयासों में निवेशक और व्यापार समुदाय के जबरदस्त विश्वास को दर्शाता है।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 एक नज़र में : राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन बीआईपी और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन रीको के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है।

इस त्रि-दिवसीय मेगा समिट का उद्देश्य देश-विदेश की बड़ी-छोटी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को राज्य में आ कर काम करने के लिए आमंत्रित करना, प्रदेश में विभिन्न तरह के उद्योग-धंधे लगाने में मदद करना और अन्य सुविधाएँ मुहैय्या कराना है। इस ग्लोबल समिट के दौरान कृषिए अक्षय ऊर्जा, शिक्षा और कौशल, ऑटो और ईवी इलेक्ट्रिक वीकल्स, इंफ्रास्ट्रक्चर, केमिकल और पेट्रो-केमिकल, पर्यटन, स्टार्टअप, खनन और ईएसडीएम/आईटी और आईटीईएस सहित विभिन्न क्षेत्रों पर विशेष सत्र का आयोजन होगा।

इन्वेस्टर रोड शो के सिंगापुर चरण का आयोजन वहां मौजूद भारतीय उच्चायोग एवं कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री सीआईआई के सहयोग से किया जा रहा है। सीआईआई राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का समिट इंडस्ट्री पार्टनर है। इसके अलावा पीडब्ल्यूसी इंडिया इस इन्वेस्टमेंट समिट का नॉलेज पार्टनर है।

झोटवाड़ा आरओबी परियोजना में आ रहे अवैध निर्माणों को किया ध्वस्त

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-06 में झोटवाड़ा आरओबी परियोजना में आ रहे अवरोधकों मकानों, दुकानों अन्य अवैध निर्माण कब्जें अतिक्रमणों को ध्वस्त किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने बताया कि जोन-06 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित झोटवाड़ा आरओबी परियोजना में आ रहे 09 मकानों स्टेक्चर 08 दुकानें, बाउण्ड्रीवाल अन्य अवैध निर्माण कब्जें-अतिक्रमणों, अवरोधको को जोन-06 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से पूर्णतः ध्वस्तीकरण कर आर ओ बी परियोजना की रोड़ सीमा कोबन्ध-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-06, 09, 13 तथा पुलिस आयुक्तालय जयपुर शहर से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस बल, स्थानीय पुलिस थाना झोटवाड़ा का जाप्ता तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। उपमहानिरीक्षक पुलिस जयिप्रा जयपुर कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों को हेल्पलाईन नं 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24*7 सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे।

बारिश की बूंदे भले ही छोटी हो, लेकिन उनका लगातार बरसना बड़ी नदियों का बहाव बन जाता है। वैसे ही हमारे छोटे-छोटे प्रयास भी समाज में परिवर्तन ला सकतें हैं

नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने किया रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

नाइट स्वीपिंग के बावजूद खुले में कचरा फेंकने वाले दोषी व्यक्तियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल थमाये नोटिस

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने देर रात तक 2 घंटे से भी ज्यादा समय तक रात्रिकालीन सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महापौर ने इस दौरान सांगानेर, मानसरोवर, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा, मालवीय नगर जोन की सफाई व्यवस्थाओं को जांचा, आमजन एवं दुकानदारों से फीडबैक लिया। इस दौरान संबंधित जोन उपायुक्त, उपायुक्त स्वास्थ्य सहित सीएसआई, एसआई मौजूद रहे।

महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने मालवीय नगर जोन के पंचवटी सर्किल से हनुमान ढाबा, अक्षूपान भण्डार सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। सांगानेर जोन में सांगानेर स्टेडियम से नगर निगम रोड़, रिको मानसरोवर पुलिया से चौडाडिया पेट्रोल पम्प तक मालपुरा गेट हलवाई बाजार, तहसील बाज़ार सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर दुकानदारों को गीले व सूखे कचरे के अलग-अलग डस्टबिन रखने, गंदगी ना फैलाने, सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग ना करने की समझाइश की। निरीक्षण के दौरान महापौर ने सांगानेर एवं विद्याधर नगर जोन में पाया कि नाइट स्वीपिंग होने के बावजूद भी लोग खुले में कचरा फेंक रहे है। महापौर ने मौके पर ही संबंधित उपायुक्त को निर्देश दिये कि खुले में कचरा फेंकने वाले इन दोषी व्यक्तियों की पहचान करने के लिये सीसीटीवी फुटेज निकाले और सख्त कार्यवाही करते हुये चालान काटे जाये। जिस पर संबंधित उपायुक्त ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही करते हुए चालान काटे। महापौर ने मानसरोवर जोन में एसएफएस चौराहा से पटेल मार्ग मध्यम मार्ग सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। झोटवाड़ा जोन में गुप्ता स्टोर वैशाली नगर गौतम मार्ग, लता सर्किल सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। विद्याधर नगर के वार्ड नं 33 व 34 के निरीक्षण के दौरान खुले में कचरा फेंकने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये जिस पर अवल चाय कॉफी सेन्टर पर 2 हजार का जुर्माना काटा गया।

दुकानों के बाहर गंदगी देखकर दुकानदारों को लगाई फटकार, मौके पर ही काटे चालान : महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने झोटवाड़ा जोन के निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को दुकानों के बाहर गीले व सूखे के अलग-अलग बड़े डस्टबिन रखने की समझाइश की तथा गंदगी फैलाने वाले आमजन और दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। महापौर ने दुकानदारों से रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने स्वच्छता योद्धाओं से भी बात की। सीएसआईए सीएसआई को खुले में कचरा फेंकने वाले लोगों की फोटो खींचकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। महापौर ने निरीक्षण के दौरान खुले में कचरा फैंकते हुये दोषी व्यक्ति को पकड़ा और मौके पर ही उससे कचरा भी उठवाया और आगे से ऐसा ना करने की सख्त हिदायत दी। विद्याधर नगर जोन के निरीक्षण के दौरान महापौर ने एक दुकान के बाहर अस्थाई अतिक्रमण देखा तो नाराजगी जाहिर करते हुये उसे तुरन्त हटवाने के निर्देश दिये। वार्ड नं 48 में गंदगी पाये जाने पर 2 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। महापौर ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर की टीमें सतत् रूप से सफाई व्यवस्था में लगी हुई है आमजन भी जिम्मेदारी समझे और एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाये सतत् रूप से आगे भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण किये जायेंगे और सफाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जायेगा।

दीवाली पर राज्यभर में मिलेंगे सरस की मिठाइयां एवं अलवर डेयरी का कलाकंद और बीकानेर का रसगुल्ला

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। इस बार दीवाली के अवसर पर उपभोक्ताओं को राज्य भर में सरस ब्रांड की शुद्ध, स्वास्थ्यवर्धक और स्वादिष्ट मिठाइयाँ मिलेंगी। अलवर डेयरी का महाहुए कलाकंद और बीकानेर डेयरी का रसगुल्ला एवं राजभोग जैसी स्वादिष्ट मिठाइयाँ भी राज्य भर के ज़िला दुग्ध संघों द्वारा उपलब्ध कराई जायेंगी। यह जानकारी देते हुए राजस्थान को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन की प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि राज्य भर के ज़िला दुग्ध संघ इस बार दीवाली पर उपभोक्ताओं को शुद्ध सरस दूध और घी से बनी मिठाइयाँ उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने बताया कि सभी ज़िला दुग्ध संघों को निर्देश दिये गये हैं कि मिठाइयों के निर्माण के समय हाइजीन, सैनिटेशन और उच्च गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस बार सभी ज़िलों में दुग्ध संघों द्वारा निर्मित स्थानीय मिठाइयों के अलावा अलवर डेयरी का प्रसिद्ध कलाकंद मिल्क केक/ मावा और बीकानेर डेयरी का रसगुल्ला, गुलाबजामुन, राजभोग और सोन पापड़ी जैसी प्रसिद्ध और स्वादिष्ट मिठाइयाँ भी मिलेंगे। स्थानीय स्तर पर अजमेर, भीलवाड़ा और हनुमानगढ़ डेयरी द्वारा पेड़ा और भीलवाड़ा डेयरी द्वारा बर्फी उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य की सभी सहकारी डेयरियों द्वारा उनके कार्यक्षेत्र में चयनित डेयरी बूस्त के अलावा प्रमुख स्थानों पर स्टाल लगाकर मिठाइयों की बिक्री की जाएगी। भारद्वाज ने बताया कि सभी ज़िला दुग्ध संघ बीकानेर डेयरी द्वारा निर्मित मिठाइयों का गिफ्ट हैंडपैक भी उपलब्ध करायेंगे। इस आकर्षक सरस स्वीट गिफ्ट हैं पर्स पैक में एक किलो रसगुल्ला का पैक, एक किलो गुलाब जामुन का पैक और 400 ग्राम के पैकेट में सोन पपड़ी होगी। यह सरस गिफ्ट पैक संपूर्ण राज्य में एमआरपी 550/ रुपये में उपलब्ध होगा। उन्होंने सभी सरस उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है कि सरस ब्रांड की शुद्धता की गारंटी ही उसकी पहचान है और उपभोक्ता सरस मिठाइयों की उच्च गुणवत्ता के प्रति भी सौ प्रतिशत निश्चिंत रहें।

एकाग्रता का अभ्यास ऐसे

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। ज्योतिर्मठ में शंकराचार्य और उनके शिष्य तथा इस पीठ के प्रथम आचार्य त्रोटक की मूर्तियां है। मंदिर में तब कोई पीठाधीश नहीं था। दक्षिण भारत से नियुक्त पुजारी रावल ही मठ में पूजा-अर्चना करते थे। लगभग डेढ़ सौ वर्ष से वहां की आचार्य परंपरा विच्छिन्न थी। जिन विभूति या शंकर के अवतार कहे जाने वाले महापुरुष ने इस मठ की स्थापना की। श्री उन्हीं की आदेश की हुई परंपरा की दुर्गति के बारे में सुनने को मिला तो श्रीराम का हृदय दुःखी हो उठा। वृत्तांत वहां के रावल पुरोहितों से सुनने को मिला। सुनकर श्रीराम देर तक शंकराचार्य की प्रतिमा के सामने बैठे रहे। उठकर मुद्ध में स्थापित स्फटिक शिवलिंग के समीप आए। वहां अभिषेक किया। शंकर गुफा में स्थापित शिवलिंग के बारे में कहते हैं कि यह कैलाश से लाया गया था। स्वयं आदि शंकराचार्य ने ही इसकी स्थापना की थी। इन उल्लेखों को ध्यान से सुनने के बाद श्रीराम किसी गहरे विचार-मंथन में चले गए। कुछ कदम चलने के बाद वे खीजे हुए से दिखाई दिए। संभवतः भीतर आए उत्तार-चढ़ावों ने उन्हें विन्न किया हो। भावों और विचारों के वे उभार अपनी संस्कृति और प्राचीन गौरव गरिमा के क्षत-विक्षत हो जाने से ही आ रहे थे।

श्रीराम मंदिर से बाहर निकलकर कुछ दूर स्थित एक वृक्ष की छाया में बैठ गए। वे सोचने लगे कि अब किस दिशा में जाना है। इस ऊहापोह के साथ बवरीनाथ के खंडित गौरव और नर-नारायण पर्वत मिलने के बाद होने वाले विनाश की किंवदंतियों पर भी ध्यान जा रहा था। दस-पंद्रह मिनट अपने अंतस् में डूबते उतरते कब आंख लग गई, पता ही नहीं चला। पेड़ के सहारे बैठे-बैठे उसे नहीं आ गई। पहाड़ी यात्रा ने बुरी तरह थका दिया था। ऊबड़-खाबड़ रास्तों से आने के कारण शरीर पर बेहद दबाव पड़ा था। रात में अच्छी नींद आई थी, लेकिन थकान अभी बाकी थी शायद। आधा घंटे बाद नींद खुली। ज्योतिष्पीठ के सामने ही एक झरना बहता है। उसे बंडधारा कहते हैं। श्रीराम ने झरने के पानी से हाथ-मुंह धोए और आचमन किया।

आचमन के बाद क्षणभर के लिए ही मन में प्रश्न आया कि अब किधर चलना है? प्रश्न के तत्क्षण बाद या उससे मिलता हुआ ही समाधान भी आया। भक्तिप्रबद्धरी होते हुए मानसरोवर की ओर निकलना चाहिए। समाधान अपने भीतर ही अंतरिक्ष प्रेरणा की तरह उभरा था। इसे मार्गदर्शक सत्ता का प्रेषित निर्देश भी मान सकते हैं। गंतव्य और मार्ग स्पष्ट होते ही श्रीराम नीतिघाटी की ओर चल दिए।

परिष्कार मैरिज ब्यूरो

वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः रुदरक, डाबला, कावया। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः अरवाण, पवेराबाल, महलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः किशर, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः निर्वाण, मौर्या, कावया। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः सीलण, हर्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है देवली में स्वयं की ई-मित्र शॉप एवं प्रिंटिंग वर्क इन मेटल मार्किंग मशीन 29 वर्षीय एमकॉम लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः महलोत, हर्रा, कावया। पो.बा. 601/24, सम्पर्क करें 9314407796 या 9928428368 देखें वेब साईट www. siddscreation.com

---

आवश्यकता है दिल्ली में कार्यरत 34वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 ए, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है जोधपुर हाईकोर्ट में कार्यरत 32 वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 बी, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः डाबला, किशड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोबः फरण्ड, कावया, निर्वाण। पो.बा. 507, सम्पर्क करें 9314407796

वर चाहिए

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एडीवेयर साईंटिस्ट लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। मोबः कावया, लुगरिया, माधर। पो.बां. 525, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। मोबः किशड़, इन्दौरा, दैतण। पो.बां. 373, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। मोबः माधर, डाबला, महलोत। पो.बां. 376, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए टीचर की तैयारी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। मोबः लुगरिया, डाबला, निर्वाण। पो.बां. 359, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए, प्राइवेट जॉब लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। मोबः माधर, सीलण, होटला, पो. बा. 262, सम्पर्क करें 9314407796,

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एमकॉमपास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। मोबः बनगवाल, मोरवाल, तुर्कियां, इन्दौरा। पो.बां. 510, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। मोबः इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बां.

पुष्पेन्द्र भारद्वाज ने ओउमाश्रय सेवा धाम में असहाय लोगों की सेवा तथा यज्ञ कर मनाया जन्मदिन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सांगानेर के ओमाश्रय सेवाधाम निराश्रित जन सेवा संस्थान मुहाना में प्रदेश कांग्रेस महासचिव पुष्पेंद्र भारद्वाज अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े डॉ प्रमोद पाल तथा इकांश मेहता ने जन्मदिन मनाया। ओउमाश्रय संस्थापक यशपाल यश से तथा निराश्रित जनों का आशीर्वाद लिया। यह ने जन सेवा के लिए सर्व सामर्थ्य सदैव प्रसन्नता उत्तम स्वास्थ्य और हमेशा आनंदित रहने की कामना करते हुए भगवा साफा पहनाकर दुपट्टा ओढ़ाया। भारद्वाज ने सभी बेसहारओं को केक खिलाया। डॉ पाल व मेहता ने विशेष वैदिक मंत्रों से आहुतियां दी। इस अवसर पर युवा नेता अंशु मेव्हवाल मधु रानी तथा अनिल मेहता ने भोजन प्रसादी हेतु सहयोग किया। भारद्वाज ने अनाथ आश्रम पर असहाय लोगों की सेवा करना ईश्वर की सेवा करने के समान बताया। संस्थान के आधार स्तम्भ सदस्य डॉ प्रमोद पाल ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रत्नलाल सैनी, पूर्व चेयरमैन कमल वाल्मीकि, पार्षद शंकर बाजडोलिया, राजेश बाला, पत्रकार डॉ अनन्या राजन यादव, मुकेश शर्मा, अंकुश विजयवर्गीय अंशुल मेहता खुशबू जैन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

मान अपमान को ज्यादा तवज्जों न दें

हमारे प्रति किया गया मान-अपमान अलग-अलग व्यक्तियों की प्रकृति का परिणाम है। इसमें ज्यादा न उलझा जाए।

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। हम जिस युग में जी रहे है उसमें सम्मान अपमान, प्रशंसा, व्यंग्य ये सब हथियार हो गए हैं, लेकिन प्रहार का मुकाबला हमेशा प्रहार से ही किया जाए, यह भी ठीक नहीं होगा। इन हथियारों के मामले में स्वयं को बम निरोधक दस्ते की भमिका में लाएं। हथियार का हथियार से जवाब देने से बेहतर है, उसे बेजान कर देना। आपकी तारीफ हो या खिल्ली उड़ाई जए, योग्य और समझवार लोग दोनों का फायदा उठाव जानते हैं। जिंदगी के पेड़ में समान, अपमान के फल-फूल लगते-उगते ही हैं। इस मामले में सब कुछ किया ही जाए। यह तो सही है लेकिन कुछ होने भी दिया जाए यह उससे भी ज्यादा ठीक होगा।

इस पर एक पुराना किस्सा हमें सीख दे जाएगा। मांगीलाल को मार्ग में आराम करने के लिए पेड़ के नीचे सोना था। उसने कुम्हड़े की बेल को देखा, जिस पर बहुत मोटा फल लगा था। उसे देख मांगीलाल ने प्रकृति को कोसा कि इतना बड़ा फल बना दिया। इसी ख्याल में वह आम के पेड़ के नीचे सो गया तभी हवा चली एक आम का फल उसके सिर पर गिरा, तब वह प्रकृति के संतुलन की दाद देने लगा। यदि छायादार पेड़ में कुम्हड़े जितना बड़ा फल लगता तो मेरे सिर का क्या होता। ठीक इसी प्रकार जीवन में अनेक प्रश्न ऐसे होते हैं, जिनका उत्तर प्रकृति पर छोड़ देना बेहतर होगा। हमार प्रति किया गया मान-अपमान अलग-अलग व्यक्तियों की प्रकृति का ही परिणाम है। इसमें ज्यादा उलझा न जाए। प्रशंसा हो या व्यंग्य, यदि हमारे प्रति प्रदर्शित हो रहा है तो किसी पेड़ के फल की तरह अन्य मनुष्य की प्रकृति मान लें। उसे स्वीकार या अस्वीकार करने का अपना अधिकार आनंद के साथ अपने पास बचाकर रखें। यही इन शख्सों को निष्प्राण करने का अहिंसक तरीका होगा।

डॉजिल गाजरय,
कॉर्डिनेटर परिष्कार पत्रिका

बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की हुई एनीमिया की स्क्रीनिंग, मिला उपचार

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जिला जयपुर द्वितीय में शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ हंसराज भदालिया ने बताया कि शक्ति दिवस में बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।उन्होंने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है।

रक्तदाता स्वयं सेविकाओं एवं छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

परिष्कार पत्रिका

लाडनूं । जैन विश्व भारती संस्थान में एनएसएस की ओर से आयोजित किए गए रक्त दान शिविर ने रक्त दान करने वाली रक्त दाता स्वयंसेविकाओं एवं शिक्षिकाओं को एक कार्यक्रम आयोजित करके सम्मानित किया गया। समाज में सेवा की भावना को मजबूत बनाने के लिए किए गए इस सराहनीय कार्य के लिए शिविर में भाग लेने और रक्त दान करने वाली छात्राओं व शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की गई। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो बीएल जैन ने रक्तदान के महत्त्व को बताते हुए उसे जरूरतमंदों की सहायता करने के साथ समाज में एकता और सहयोग की भावना को भी बढावा देने वाला बताया तथा रक्तदान करने वाली छात्राओं की सराहना की। राष्ट्रीय सेवा योजना की संयोजक डॉ आभा सिंह व स्वयंसेविकाओं ने इस शिविर में विशेष योगदान करते हुए स्वेच्छा से रक्त दान किया। सम्मान कार्य म में डा अमिता जैन, डॉ आभा सिंह, डॉ मनीष भटनागर, डॉ गिरधारी लाल शर्मा, डॉ विष्णु कुमार, देवीलाल कुमावत, डॉ ममता पारीक, खुशाल जांगिड़, ज्रेश शर्मा वह अन्य संकाय सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रही।

समय न लगाओ

तय करने में, आपको करना क्या है, वरना समय तय कर लेगा कि, आपका क्या करना है।



मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर का 32वां दीक्षान्त समारोह

शिक्षा ही सशक्तिकरण का सर्वश्रेष्ठ माध्यम : राष्ट्रपति

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि शिक्षा ही सशक्तिकरण का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। शिक्षित और सुसंस्कारित व्यक्ति अपने परिवारए समाज और देश की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुर्मू उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के 32वें दीक्षान्त समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन सिर्फ स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए ही नहीं बल्कि उनके शिक्षकों और अभिभावकों के लिए भी हर्ष और गर्व का है। विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में आयोजित समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने की। विशिष्ट अतिथि पंजाब के राज्यपाल व चण्डीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया रहे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा सम्माननीय अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रारंभ में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुनीता मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इससे पूर्व राष्ट्रपति मुर्मू के विश्वविद्यालय परिसर पहुंचने पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, पंजाब के राज्यपाल व चण्डीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा, विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुनीता मिश्रा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कुलसचिव व रजिस्ट्रार वृद्धिचंद गर्ग ने किया। दीक्षान्त समारोह में राष्ट्रपति ने विभिन्न विषयों के 85 विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल तथा 68 शोधार्थियों को विद्या वाचस्पति की उपाधि से नवाजा। दीक्षांत समारोह में कुल 85 विद्यार्थियों को 102 गोल्ड मेडल दिए गए। जिसमें 16 छात्र तथा 69 छात्राएं शामिल है। इन गोल्ड मेडल में 8 चांसलर मेडल भी शामिल है जिसमें दो छात्र व 6 छात्राएं हैं। प्रतिवर्ष दिए जाने वाले 9 ग्रॉल्सर गोल्ड मेडल के क्रम में डॉ सीबी मामोरिया, प्रो विजय श्रीमाली, प्रो आरके श्रीवास्तव, विजय सिंह देवपुरा, पीसी रांका, प्रो ललित शंकर-पुष्पा देवी शर्मा स्मृति में गोल्ड मेडल दिए गए। इसके साथ ही कुल 68 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई, जिसमें 35 छात्रार्ए और 33 छात्र शामिल थे। समारोह में जिले के प्रभारी एवं राजस्व व उपनिवेशन मंत्री हेमन्त मीणा, उदयपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ महावीर रावत व राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली व चंद्रशुभ सिंह चौहान, एमपीयूएटी के कुलपति अजीत कुमार कर्नाटक, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो कैलाश सोढाणी, राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति एएएस संरगदेवोत, संभागीय आयुक्त पन्ना केवलरामानी, जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, महाविद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

राजस्थान सचिवालय अधिकारी सेवा संघ का प्रथम शपथ ग्रहण समारोह

योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सचिवालय अधिकारी, कर्मचारियों की भूमिका अहमः उपमुख्यमंत्री दियाकुमारी

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि सचिवालय राजस्थान की जनता की भावनाओं, इच्छाओं और उम्मीदों का मुख्य केन्द्र है। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, कार्यक्रमों और निर्णयों को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने में यहां के अधिकारीयों-कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है।

उन्होंने कहा कि सचिवालय के अधिकारी-कर्मचारी प्रदेश में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने और मदद करने की भावना से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। विकसित राजस्थान के लक्ष्य को प्राप्त करने में आमजन के साथ ही समाज के विकास में सचिवालय अधिकारीयों-कर्मचारीयों का महत्त्वपूर्ण योगदान है। उपमुख्यमंत्री शासन सचिवालय में राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता शपथ दिलाई और अपने कर्तव्य का निष्ठापूर्ण निभाने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नवगठित कार्यकारिणी की ओर से जो भी मांगे रखी गई हैं उस पर राज्य सरकार सकारात्मक विचार करेगी। इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सचिवालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए। सचिवालय सेवा अधिकारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दलजीत सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया, साथ ही सचिवालय सेवा की कुछ महत्त्वपूर्ण मांगो के साथ नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा की। इस अवसर पर संयुक्त शासन सचिव कार्मिक कनिष्क कटारिया सचिवालय अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

अपने जोश को अंतिम समय तब बनाए रखें

लम्बी रेस के घावक शुरुआत तो धीमी करते हैं, लेकिन फिनिश लाइन के करीब उनका जोश चरम पर होता है।

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। अगर आपने लंबी दूरी की दौड़ प्रतिस्पद्धाओं की देखा है तो आपने इस बात पर गौर किया होगा कि जो व्यक्ति इस रेस में जीतता है, वह आधी दूरी तय करने तक कभी आगे-आगे नहीं भागता। विजेता उस धावक समूह का एक हिस्सा ही होता है और उसी रफ्तार से भागता रहता है, जिससे वह अन्य धावकों के साथ तालमेल बिठा सके, लेकिन एक वक्त के बाद जब सब थकने लगते हैं, वह भीड़ से बाहर निकलता है और रेस में बढ़त हासिल करता है। लेकिन हम लोग बिलकुल इसका उलट करते हैं। जब भी हम किसी नए काम की शुरुआत करते हैं, तो इसे समझने और सीखने व आगे बढ़ने की बजाय अपनी ऊर्जा खुद को दूसरों के सामने साबित करने की प्रक्रिया में खप देते हैं। एक समय के बाद हमारे सारे प्रयास व्यर्थ हो जाते हैं, लेकिन हम कदाचित ही महसूस करते हैं कि हमारे इर्द-गिर्द क्या चल रहा है। एक लीडर के तौर पर आपको यह समझने की आवश्यकता है कि आप यहां दूसरों के समक्ष अपना पराक्रम साबित करने के लिए नहीं आए हैं, वरन इसलिए आए हैं ताकि व्यवस्था में बदलाव ला सकें। आपको सौम्य होने के साथ-साथ जोशीला होने की भी जरूरत है ताकि आप जीत या हार को सम्यक भाव से लें और अपनी टीम के साथ लक्ष्य की ओर दौड़ते रहें। जब आप अति-उत्साह के वशीभूत हो बहुत तेजी से भागते हैं और अचानक सामने कोई बाधा आ जाए तो आपके गिरने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। इस बात को हमेशा अपने जेहन में रखें और आगे आकर लोगों का नेतृत्व करें, लेकिन यहां आगे आने का मतलब यह नहीं है कि आप हमेशा ही आगे बने रहें। सबके साथ-साथ चलते रहें और वक्त आने पर आगे निकल लोगों का नेतृत्व करें।

शायरसिंह किरार,ट्रेकॉन कॉरियर

त्योहारी सीजन में आवासन मंडल की प्रीमियम प्रॉपर्टी खरीदने को उमड़े प्रदेशवासी

लंबे अरसे बाद हुए आवासन मंडल के प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में दिखा आमजन का उत्साह

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से विभिन्न आय वर्गों के लिए एक बार फिर प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन शुरू किया गया है। काफी समय बाद शुरू की गई ई-नीलामी को लेकर आमजन में काफी उत्साह देखने को मिला।

142.54 करोड़ की सम्पत्ति की ई.नीलामी : राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से 3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर 2024 को आयोजित किए गए प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में लगभग 142.54 करोड़ की आवासीय व व्यवसायिक सम्पत्तियों का निस्तारण किया गया। जिसके तहत जयपुर, भिवाड़ी, फलौदी, बीकानेर, अलवर, जोधपुर में छोटे व बड़े व्यावसायिक एवं आवासीय भूखंड तथा निर्मित मकान शामिल हैं। प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में ई-नीलामी के तहत कुल 54 सम्पत्तियों के निस्तारण से आवासन मण्डल लगभग 142.54 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित करेगा । जिसके तहत जयपुर से 90 करोड़ 69 लाख 59 हज़ार, जोधपुर से 23 करोड़ 63 लाख 46 हज़ार, अलवर तथा भिवाड़ी में 27 करोड़ 31 लाख 48 हज़ार, बीकानेर में 14 लाख 93 हज़ार और चूरू में 64 लाख 38 हज़ार की आय आवासन मण्डल को होगी।

काफी समय बाद ई-नीलामी, लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग : आयुक्त

आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल के प्रति आमजन का विश्वास प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में भी देखने को मिला है। मण्डल ने लंबे अरसे बाद हो रही इस नीलामी का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जिसके फलस्वरूप अधिक संख्या में लोगों ने इस नीलामी में भाग लिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी आवासन मण्डल की ओर से इसी तरह की योजनाओं के जरिये आमजन को ज्यादा से ज्यादा संख्या में ऐसी योजनाओं का लाभ उठाने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है की प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन अब आगामी 7 से 9 ऑक्टूबर एवं 14 से 16 तथा 21 से 23 ऑक्टूबर को होगा। ऑनलाइन प्रस्ताव देने के लिए आवासन मंडल की वेबसाइट पर पूरी जानकारी उपलब्ध करवा दी गई है।

बिना विचारे जो करें तो पीछे पछताए

परिष्कार पत्रिका **जयपुर।** एक सुरम्य वन में स्थित झील में बहुत से जलचर बड़े ही प्रेमभाव से रहते थे। उन्हीं में एक केकड़ा और सारस भी थे। दोनों में अच्छी मित्रता थी। सारस को कोई दुख था तो बस यह कि एक सांप आकर उसके अंडे खा जाया करता था। एक दिन केकड़ा झील के किनारे बैठा था। तभी मुंह लटकाए सारस भी वहीं आ पहुंचा। मित्र का उतरा हुआ चेहरा देखकर केकड़ों ने पूछा, कहो मित्र! मुंह क्यों लटका रखा है। क्या बताऊं मित्र! फिर वही कहानी, सांप फिर मेरे अंडे खा गया। दिल छोटा मत करो। इस दुष्ट सर्प का अंत करना ही होगा।

मेरे पास एक उपाय है। केकड़ा सारस के कान में फुसफुसाने लगा। सुनकर सारस की आंखों में आशा की चमक छा गई, सुझाव तो अच्छा है, अभी यह उपाय करता हूं। कहकर सारस झील की ओर चल दिया। झील के किनारे किसी मछुआरे ने मछलियां सुखाने रखी हुई थी। सारस ने एक मछली चोंच में दबाई और उसे नेवले के बिल के पास डाल दिया। इसी प्रकार उसने कुछ और मछलियां उठाकर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर डाल दीं। सब केकड़े की योजनानुसार हो रहा था। आसपास मछलियों की गंध पाकर नेवला अपने बिल से बाहर निकला और मछलियों को खाता हुआ वहां आ पहुंचा, जहां सारस रहता था। पास ही सांप भी लेटा आराम कर रहा था। दोनों ने एक-दूसरे को क्रोध से देखा और भिड़ गए। कुछ ही देर में नेवले ने सांप को मार डाला। यह देखकर सारस बहुत प्रसन्न हुआ। लेकिन सारस की यह खुशी अधिक देर तक न टिक सकी। अगले दिन नेवला मछलियों के लोभ में फिर वहां आ निकला। लेकिन उसे यह देखकर बहुत निराशा हुई कि आज वहां एक भी मछली नहीं थी। तभी उसकी निगाह पास की झाड़ियों पर पड़ी। उन्हीं झाड़ियों में सारस की पत्नी ने अंडे दिए हुए थे। नेवला झाड़ियों में घुस गया और अंडे खाने लगा। तभी सारस का जोड़ा वहां आ गया। उन्होंने जब नेवले को झाड़ियों में बैठे अंडे खाते देखा तो माथा पीट लिया और अपने भाग्य को कोसने लगे।

कथा सार : सारस ने सांप से अंडे बचाने के लिए चाल चलकर उसे नेवले के हाथों मरवा दिया, लेकिन उसे क्या पता था कि वह एक आफत दूर करने के लिए दूसरी आफत को बुलावा दे रहा है। इसलिए कहा है : कुछ भी करने से पहले सोच-विचार लेना चाहिए। बिना विचारे जो करे, सो पाछे पछताए।

शक्ति वंदन : अन्याय का संहार करो, शक्ति तुम ललकार करो

महापौर डॉ सौम्या गुर्जर की पहल पर आयोजित शक्ति वंदन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राएं बन रह शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत

शक्ति वंदन 2.0 के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर छात्राओं को दिया जा रहा है आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। शक्ति वंदन 2.0 के तहत एसएमजी पारीक पीजी महिला महाविद्यालय बनीपार्क में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। 5 सितम्बर से कनोडिया कॉलेज से शुरू हुये शक्ति वंदन 2.0 कार्यक्रम के तहत अब तक की श्रृखंला में महारानी कॉलेज, आर्च कॉलेज, एमजीपीएस विद्यापद नगर, रेनबो स्कूल झोटवाड़ा राजकीय विद्यालयों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जा चुके है। इन प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से छात्र नैतिकता का पाठ सीख रहे है तथा छात्राऐं शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूती के गुर सीख रही है। महापौर डॉ सौम्या गुर्जर की पहल पर शुरू किये गये शक्ति वंदन 2.0 कार्यक्रमों के तहत अब तक सैकड़ों छात्र-छात्राऐं लाभान्वित हो चुके है। प्रशिक्षण शिविर में मार्शल आर्ट एक्सपर्ट रिचा गौड़ एवं टीम ने सभी छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेने की ट्रेनिंग दी। मनोवैज्ञानिक दिपा रामचन्द्रानी ने छात्राओं को मन को मजबूत करने के तरीके बताए।

महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने इस अवसर पर कहा कि अपने पंख का उपयोग अन्याय के संहार के लिये तथा समाज में आई विकृति को दूर करने के लिये करना है। हम सभी के अंदर शक्ति है इस शक्ति को जागृत करने की आवश्यकता है।

महिला एवं बाल विकास समिति की चेयरमेन डॉ मीनाक्षी शर्मा ने इस अवसर पर सभी छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि सभी महिलाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनने के साथ सजग रहना आवश्यक है दुर्घटना कभी भी, किसी के साथ भी हो सकती है। इसलिये सजग रहना और स्वयं को मजबूत करना आवश्यक है। महाविद्यालय की प्रिंसीपल विजयलक्ष्मी ने छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेने के लिये प्रोत्साहित किया।

स्कूलों के विकास में सहयोग करे दानदाता : शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री ने किया 22 करोड़ से अधिक राशि के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र में आने वाले कोटा दक्षिण नगर निगम के जयपुरडॉर्स में 22 करोड़ 9 लाख 79 हजार के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। दिलावर ने वार्ड नंबर 32 में अजय आहूजा नगर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में नवनिर्मित दो कक्षा कक्षों का लोकार्पण किया तथा नए कक्ष बनाने के लिए विधायक कोष से 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। साथ ही, विद्यालय को मिडिल स्कूल में क्रमोन्नत करने की भी घोषणा की। उन्होंने विद्यालय परिसर में आम का पौधा भी लगाया। कार्यक्रम में कक्षा-कक्ष निर्माण में सहयोग करने वाले दानदाताओं एवं भामाशाहों का भी सम्मान किया गया। शिक्षा मंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए

कहा कि शिक्षा के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। विद्यालयों में कक्षा-कक्षों की कमी को दूर किया जायेगा। आवश्यकता अनुसार स्कूलों को क्रमोन्नत भी किया जायेगा और नए संकाय भी प्रारंभ किए जायेंगे। दिलावर ने कहा कि सरकार विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के बेहतर प्रबंधन के लिए कार्य कर रही है। इस कार्य में जन सहभागिता की भी आवश्यकता है। मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित दानदाताओं और भामाशाहों से भी अपील की कि वे सरकारी स्कूलों में विकास कार्य करवाएं और सरकार की मदद करें। राज्य सरकार आप के साथ सहयोग को तैयार है। दिलावर ने वार्ड संख्या 6 में 2 करोड़ 17 लाख 56 हजार, वार्ड संख्या 7 में 3 करोड़ 18 लाख 86 हजार, वार्ड संख्या 8 में 1 करोड़ 88 लाख 10 हजार, वार्ड संख्या 29 में 8 करोड़ 77 लाख 62 हजार, वार्ड नंबर 31 में 86 लाख 77 हजार, वार्ड नंबर 32 में 58 लाख 17 हजार, वार्ड नंबर 52 में एक करोड़ 48 लाख 91 हजार, वार्ड नंबर 53 में 2 करोड़ 13 लाख 79 हजार रुपए के कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सरकार आपके द्वारा समस्या समाधान शिविर शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी में अलग-अलग क्षेत्र में आयोजित किए जाने वाले समस्या समाधान शिविरों के क्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर ग्राम खेड़ली, पंचायत समिति खैराबाद में जन सुनवाई शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में शिक्षा मंत्री आमजन की परिवेदनाएं सुनकर उन समाधान करेंगे। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

टैलेंट की खोज दिमाग लगाओ

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दरबार बाबा हरिशचंद महाराज जयपुर में टैलेंट की खोज दिमाग लगाओ प्रतियोगिता सुरेश चंद मीणा शारीरिक शिक्षक के नेतृत्व में की गई, इसमें कक्षा दसवीं से बारहवीं तक 200 छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। संयोजक सुनील जैन ने ब्लैकबोर्ड पर वर्ग पहेलियां बॉक्स में फूल का नाम ताला चाबी मोटर साइकिल टुडे नंबर आदि बनाकर बच्चों ने अपना दिमाग लगाकर बुद्धि का परिचय दिया और विजेताओं विशेष प्राइस मोती की माला, दुपट्टा व गोल्ड मेडल सम्मानित किया। साथ ही अन्य गिफ्ट हैंपर दिए गए। विद्यालय प्रधानाचार्य ने वंदना जॉन वाल ने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण होते हैं जिनके हाथों में भविष्य का निर्माण है। इस प्रकार की प्रतियोगितांए न केवल शिक्षकों के ज्ञान और कौशल को प्रदर्शित करती है बल्कि उन्हें और अधिक प्रभावी ढंग से छात्रों को शिक्षित करने के लिए प्रेरित करती है। उप प्रधानाचार्य प्रहलाद गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सामान्य ज्ञान जैसी प्रतियोगिता की आयोजनों से बच्चों का मानसिक विकास होती है। इस मौके पर दिनेश चंद्र गर्ग नरेश कुमार दूत ने अपने विचार रखें और कार्यक्रम की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

ब्रह्मकुमारीज के राजापार्क सेवा केंद्र पर नवरात्रि के अवसर पर नौ देवियों की चैतन्य झांकी सजाई

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की राजा पार्क सेवा केंद्र के तत्वाधान में नवरात्रि के पावन पर्व पर सूरज मैदान में आयोजित मेले में ब्रह्माकुमारीज की तरफ से नौ देवियों की चैतन्य झांकी का 7 अक्टूबर को शुभारंभ सनातन महापंचायत के अध्यक्ष राजेंद्र खंडेलवाल, एमएसबाध्यनी के संयोजक चंद्र प्रकाश गुप्ता, सह संयोजक सुशील धोकरिया, जयपुर सबर्जोन इंचार्ज राजयोगिनी बीके पूनम दीदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। सिद्धिदात्री, महागौरी, शैलपुत्री, कात्यायनी, मां लक्ष्मी, मां वैष्णो, दात्री, महागौरी, शैलपुत्री, कुष्मांडा, मां सरस्वती आदि देवियां विराजमान थी। मां वैष्णो देवी का विशाल दरबार सजाकर अनेक भक्तों को माता के गुणों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर राजयोग आध्यात्मिक प्रदर्शनी भी लगाई गई। राजयोग आपके जीवन को पूरी तरह बदल देगा हमारे अंदर जो असीम गुण और शक्तियां विराजमान है, उन्हें हम राजयोग के माध्यम से विकसित कर हमारा जीवन भी देवियों की तरह दिव्य और सभी दैवी शक्ति से भरपूर कर सकते है। यह नवरात्रि पर्व सिर्फ उत्सव का पर्व ना होकर उत्सव के साथ-साथ अपने जीवन को दैवी शक्ति से भरपूर करने का उत्सव है। उपरोक्त द्वारा झांकी का शुभारंभ करने आए सभी अतिथिगणों ने कहा। राजयोगीनी पूनम दीदी

ने कहा की ऐसी झांकी से हमारे भारत देश की संस्कृति कितनी ऊंची है, उसका पता चलता है, इसलिए हमें अपने महान संस्कृति का मान रखकर राजयोग के अभ्यास का दैनिक जीवन में उपयोग करना चाहिए।

पहले अपनी टीम की जरूरत का समझे

लीडर पहले अपनी टीम की जरूरतों को समझे, उसके बाद ही व्यापक परिदृश्य के बारे में सोचे।

परिष्कार पत्रिका जयपुर। हम में से हर कोई इस तरह बात करता और किसी की पेशकश या दूसरों के लिए के लिए मदद कोई काम करने के बदले में कुछ पाने की उम्मीद नहीं करते, लेकिन अनकही सच्चाई यही है कि किसी भी गतिविधि से जुड़े सभी पक्ष स्वार्थी होते हैं, कुछ प्रत्यक्ष महसूस किए जा सकते हैं तो कुछ गुप्त होते हैं। मैं यहां खुदगर्जी से जुड़ी घटना का उल्लेख करना चाहूंगा। यह घटना तब घटी जब हम एक स्वयंसेवी संस्था के साथ थे जो बेंगलूर में बालश्रम उन्मूलन के लिए काम कर रही थी। हम बालश्रम को लेकर एक सम्मेलन आयोजित कर रहे थे। यह सम्मेलन काफी सफल रहा और इसने उस स्वयंसेवी संस्था को अगले स्तर तक पहुंचने के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया। हम स्पांसरशिप पाने में लगे थे ताकि हम कुछ फंड्स का इस्तेमाल दूसरी गतिविधियों में भी कर सकें। इसी समय वह स्वयंसेवी संस्था अपनी मांगों की लंबी सूची तैयार करने में लगी थी जो उसे उन स्कूलों को फिर से चमकाने में मदद कर सकती थी, जिन्हें उसने सरकार से गोद लिया था। हालांकि दोनों की नीयत नेक थी, लेकिन हर कोई ज्यादा से ज्यादा हिस्सा हासिल करना चाहता था। इसने समन्वय समिति के मध्य दरार पैदा कर दी चूंकि दोनों पक्षों के प्रतिनिधि साझा लक्ष्य को भूल अपने-अपने लक्ष्य साधना चाहते थे। यह मेरा खुदगर्जी से पहला परिचय था। हालांकि मैं आसानी से देख सकता था कि गाड़ी पटरी से उतर रही है, लेकिन तुरंत हस्तक्षेप नहीं कर सकता था क्योंकि मुझे स्वयंसेवी संस्था की खुदगर्जी साफ नजर आ रही थी। एक लीडर के तौर पर एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि सभी लोग स्वार्थी हैं और यही बेहतर है कि पहले अपनी टीम की जरूरतों पर ध्यान दें, उसके बाद व्यापक तस्वीर के बारे में सोचें।

पीपी

लाडनूं से 52 छात्रा व अध्यापिका के दल ने गुजरात व माउंट आबू का किया शैक्षणिक भ्रमण

परिष्कार पत्रिका

लाडनूं। जैन विश्वभारती संस्थान के शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 52 छात्राध्यापिकाओं का एक दल शैक्षिक भ्रमण के लिए पांच दिवसीय कार्यक्रम के तहत गुजरात के कोबा अहमदाबाद व माउंट आबू के पर्यटन एवं धार्मिक, ऐतिहासिक व प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण दर्शनीय स्थलों का अवलोकन किया तथा मनोरंजन के साथ अपना ज्ञानवर्द्धन किया। यह दल यहां कुलपति प्रो बच्छराज दूगड़ के व विभागाध्यक्ष प्रो बीएल जैन की देखरेख में यहां प्रवासरत तपस्वी मुनिश्री जयकुमार के दर्शनों एवं आशीर्वाद के पश्चात रवाना हुआ। दूसरे दिन कोबा अहमदाबाद पहुंचने के बाद इस दल ने अहमदाबाद में अटलज बावड़ी, त्रिमंदिर, साबरमती आश्रम, अटल ब्रिज आदि रमणीय स्थलों का भ्रमण किया। अगले दिवस स्टैचू ऑफयूनिटी के लिए प्रस्थान कर सरदार वल्लभभाई पटेल की 182 मीटर की मूर्ति, वहां के रमणीय दृश्य, वैली ऑफफ्लावर, बांध आदि को देखा। सबका मन प्रसन्नचित हो गया। वहां पर यूनिटी से संबंधित अलग-अलग स्लोगन एवं संदेश देखने को मिले। इसके बाद अगले दिन मेट्रो ट्रेन से काकड़िया के लिए प्रस्थान किया। वहां पर चिड़ियाघर, गुफाएं आदि का

अवलोकन करने के साथ विविध कैटेगरी के पशु-पक्षियों को देखा। उसी दिन अक्षरधाम मंदिर गए और वहां पर स्वामी नारायणजी के दर्शन किए। उसके बाद वटर शो देखा जो बहुत ही एंटेरिटेव और मन को लुभाने वाला था। इसके बाद कोबा अहमदाबाद से प्रस्थान करके माउंट आबू पहुंचे। यहां नक्की झील और सुप्रसिद्ध देलवाड़ा जैन मंदिर के दर्शन किए। मंदिर बहुत ही शानदार एवं सुंदर नक्काशी से पूरित था। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण से बहुत कुछ सीखा और बहुत सारी चीजों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास किया। विद्यार्थियों के इस दल के साथ संकाय सदस्य विभागाध्यक्ष प्रो बीएल जैन, डॉ अमिता जैन, जेश्ज शर्मा, देवी लाल कुमावत, किशन टाक आदि का सहयोग रहा।

समस्याओं के प्रबंधन सीखें

जरूरी नहीं कि हरेक समस्या का समाधान आपके पास हो, किन्तु इसे सकारात्मक तरीके से नियंत्रित तो किया ही जा सकता है।

परिष्कार पत्रिका जयपुर। जरूरी नहीं कि हरेक समस्या का समाधान आपके पास हो, किंतु इसे सकारात्मक तरीके से नियंत्रित तो किया ही जा सकता है। इस जीवन में प्रत्येक व्यक्ति के पास समस्याएं हैं। कोई भी जीवन समस्या से मुक्त नहीं है। आपको अपनी समस्याओं को सुलझाना और उन्हें मैनेज करना सीखना होगा। हालांकि यह कतई आवश्यक नहीं है कि हर समस्या का समाधान हो, परंतु प्रत्येक समस्या को सकारात्मक तरीके से नियंत्रित तो किया ही जा सकता है। समस्याओं को मैनेज करने के लिए आपकी सोच रचनात्मक होनी चाहिए। इसके साथ ही अपनी समस्याओं की जिम्मेदारी लेना और उन्हें नियंत्रित करना भी आवश्यक है। यहां मैनेज करने का अर्थ है नियंत्रित करना। इस दुनिया में बहुत से लोग अपने जीवन का नियंत्रण खो देते हैं। उनके साथ ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि वे अपना नेतृत्व दूसरों के हवाले कर देते हैं। जो लोग मुश्किलों को हराते हैं, दरअसल वे ऐसे लोग होते हैं, जो कभी विश्वास करना नहीं छोड़ते। उन्हें खुद मेंए ईश्वर में और उस ईश्वर द्वारा दिए गए विचारों में पूर्ण आस्था होती है। ये विजेता, हरदम डटे रहने वाले लोग ईश्वर से मार्गदर्शन के लिए प्रार्थना करते हैं और जब वे यह जान जाते हैं कि उन्हें क्या करना है तो वे कर्म करने में जुट जाते हैं। हमें हमेशा स्मरण रखना चाहिए कि जिस दौर से हम गुजर रहें हैं, वह मुश्किलों भरा हो सकता है, परंतु इससे हम सफलतापूर्वक गुजर पाते हैं या नहीं, यह हम पर ही निर्भर करता है। इसके लिए हमें कर्म करना होगा। आप हर वह काम कर सकते हैं, जिसे आप करना चाहते हैं। आप वह कुछ भी बन सकते हैं, जो आप बनना चाहते हैं। इस समय आप जहां हैं, वहां से कहीं भी पहुंच सकते हैं। बशर्ते आप बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत करने के इच्छुक हों।

माईकल कैस्टेलिनो, जयपुर

एचजेयू में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय एचजेयू में अकादमिक सत्र 2024-25 के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार प्रतापराव उपस्थित रहे। प्रताप राव ने पत्रकारिता और मीडिया उद्योग में आ रहे बदलावों के बारे में विद्यार्थियों से विचार साझा किये और कहा कि लोकतंत्र में चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया को मिली भूमिका बखूबी निभाने के लिए पत्रकारों को सजग रहना होगा। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राव ने कहा कि उद्देश्यपूर्ण पत्रकारिता के बिना कोई भी पत्रकार समाज और जनता की आवाज नहीं बन सकता। आज पत्रकारिता के पेशेवर मानकों में गिरावट आने के कारण पत्रकारों की प्रतिष्ठा भी घट रही है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और संस्कृति के बड़े लक्ष्यों को ध्यान में रखकर पत्रकारिता करनी होगी तभी पत्रकारिता की पेशेवर गिरावट को रोका जा सकता है।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलसचिव भंवर लाल मेहेरडा ने कहा की जीवन में गंभीरता और अनुशासन के माध्यम से कठिन से कठिन लक्ष्य को भी हासिल किया जा सकता है। बिना अनुशासन के कोई भी सफलता संदिग्ध हो जाती है। उन्होंने नव प्रवेशित विद्यार्थियों से कहा कि मोबाइल का उपयोग सीमित कर किताबें और पत्र-पत्रिकाएं ज्यादा से ज्यादा बढ़नी चाहिए। इस अवसर पर



विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति एनईपी प्रभारी डॉ मनोज कुमार लोढा ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन अकादमिक एवं प्रशासनिक समन्वयक डॉ रतन सिंह भैरावात ने किया। इस अवसर पर पत्रकारिता संकाय की डीन डॉ ऋचा यादव, जनसंचार संकाय के डीन डॉ अनिल मिश्र और नए मीडिया विभाग की अध्यक्ष डॉ शालिनी जोशी भी उपस्थित रहे।

परिष्कार पत्रिका समाचार पत्र

सामाचार पत्र में प्रकाशन के लिए या परिष्कार न्यूज में प्रसारित करने के लिए अपने क्षेत्र की खबरें, संदेश, श्रद्धांजली, व्यक्तिगत परिचय, विज्ञापन के लिए मिलें या सम्पर्क करें

पंजीकृत कार्यालय : 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर
शाखा कार्यालय : शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
फोन नं. 0141-2450128
मो. नं. 9314407796, 9351311820

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में परिंडे बांधे, कृत्रिम घोंसले एवं चुग्गा पात्र लगाए

एनएसएस छात्राओं ने आचार्य महाप्रज्ञ प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र में गौसेवा टीम की ओर से किया कार्यक्रम

परिष्कार पत्रिका

लाडनूं। जैन विश्वभारती संस्थान के आचार्य महाप्रज्ञ प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र में पक्षियों के लिए परिंडे बांधने, उनमें पानी भरने, कृत्रिम घोंसले लगाने एवं चिड़ियों के लिए चुग्गा बॉक्स की व्यवस्था के लिए स्वयंसेवी छात्राओं ने आगे आकर कार्य किया। विश्वविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों, शिक्षा विभाग के पर्यावरण क्लब व विज्ञान क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पक्षियों और अन्य जीवों के लिए सुरक्षित आश्रय और भोजन की व्यवस्था करने के लिए गौसेवा टीम के सहयोग से आवश्यक सामग्री प्राप्त की जाकर इस कार्य को सफलता पूर्वक पूरा किया गया। इस कार्यक्रम में गौ सेवा टीम लाडनूं के सौजन्य से परिंडे, घोंसले और दाना बॉक्स लगाए गए। साथ ही इस अवसर पर सबने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गौसेवक अमित डांवर ने कहा कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए हम सबको भिलकर काम करना होगा। अपने पर्यावरण के प्रति हमें जिम्मेदार होना चाहिए और ऐसे प्रयासों को लगातार आगे बढ़ाना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की प्रभारी आभा सिंह ने कहा कि कार्यक्रम से छात्राओं को महत्वपूर्ण अनुभव हुआ है। उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के साथ इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित

किया और कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में जागरूकता फैलाई जा सकती है। उन्होंने ऐसे कार्यक्रम निरन्तर आयोजित किए जाने एवं उनसे छात्र-छात्राओं व समुदाय के लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सकेगा। इस अवसर पर गौसेवक सुमित भोजक, सूर्यप्रकाश जांगिड, राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका एंव सभी सदस्य उपस्थित रहे।

सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल सी-स्कीम जयपुर में दो दिवसीय टूर्नामेंट

18वां साहिबजदा जोरावरसिंह अंतरविद्यालय बालिका हैंडबॉल दो दिवसीय टूर्नामेंट सम्पन्न

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल सी-स्कीम जयपुर ने अपना 18वाँ साहिबज़ादा ज़ोरावर सिंह दो दिवसीय अंतरविद्यालय बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त महानिदेशक कारागार, राजस्थान पुलिस, जयपुर, सरदार रूपेंद्रसिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति कोषाध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह, सरदार बलवेंद सिंह, जनरल सेकेटरी गुरुनानक देव सत्संगसभा एजुकेशन बोर्ड, सरदार मनिन्द्र सिंह बग्गा कोषाध्यक्ष गुरु नानक देव सत्संग सभा एजुकेशन बोर्ड, विशिष्ट अतिथि सब-इंस्पेक्टर, राजस्थान पुलिस रविंद्रपाल सिंह का एनसीसी कैडेट द्वारा सशस्त्र सलामी देकर स्वागत किया गया।

हैंडबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से 14 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के द्वितीय दिन के मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्ड से सम्मानित गोपाल सैनी गुरु वशीष्ठा अवार्ड से सम्मानित भारतीय तीरंदाज कमलेश कुमार शर्मा और विद्यालय प्रबंधन समिति कोषाध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह रहे। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथिगण दोनों टीमों के प्रत्येक खिलाड़ियों से रूबरू हुए एवं शुभाशीष देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। तत्पश्चात महाराजा सवाई भवानी सिंह एवं सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल के बीच फाइनल मैच हुआ। जिसमें महाराजा सवाई भवानी सिंह 8.5 स्कोर से विजेता टीम रही। विजेता टीम को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्या सोनल शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया और प्रतिभागियों की मुक्त कंठ से सराहना की। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

वैदिक कन्या पीजी कॉलेज एवं वैदिक बालिका स्कूल में डांडिया धूम 2024 का आयोजन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। वैदिक कन्या पीजी कॉलेज एवं वैदिक बालिका स्कूल में डांडिया धूम 2024 मनाया गया। गोविंद मार्ग, राजापार्क, जयपुर स्थित विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंदर्श नगर पार्षद स्वाती परनामी एवं वीणा ग्रुप के निदेशक हेमंजीत मालू थे। अध्यक्षता ओमप्रकाश बागड़ा ने की। महाविद्यालय की संरक्षिका मृदुला सामवेदी, संस्था सचिव डॉ अनिरुद्ध साहनी, ज्ञानोमंश श्रीनिवासन, डॉ कविता साहनी, हेमलता किरार प्रधान संपादक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ लतिका झा और स्कूल की प्राचार्य माधवी गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। आरव्ह मेहिल व एंकर मीनाक्षी ने कार्यक्रम में समा बांध दिया। उन्होंने छात्राओं को बेस्ट डांस, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट हेयर स्टाइल एवं डांडिया क्वीन के रूप में कई उपहार दिये। इस अवसर पर लक्की ड्रा निकाला गया। छात्राओं व उनके साथ टीचर्स ने भी उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल डॉ लतिका झा ने सभी छात्राओं और अतिथियों का आभार प्रकट किया।

PRIME TRACK

Trackon

Couriers Pvt. Limited

शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.

अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -

शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार